

Director
Mr. VIPIN JAIN SIR
(The Symbol of Trust)

Since 2011

# 7 May 2022

# MARVELLOUS
## (A Result Oriented Institute)
An Institute for Civil services Examination

Daily Current Affairs Booster

Follow us on

# Daily Current Affairs

UPSC | MPPSC | NTA NET | MP-SI


Ground Floor, Opposite Puma Showroom, Tower Square, Indore (M.P.)
Helpline & 9981983777, 8817983777, 0731-4370330
Website : marvellousinstitute.com

## 7 मई का इतिहास

- **1973 :** अरूणाचल प्रदेश की नई राजधानी की आधारशिला को ईटानगर में रखी गई।
- **1727 :** रूस की महारानी कैथरीन प्रथम ने यूक्रेन से यहूदियों को बाहर करने का आदेश दिया।
- **1976 :** एलेक्जेंडर ग्राहम बेल को अपने आविष्कार का पेटेंट मिला जिसे उन्होंने टेलीफोन (दूरभाष) का नाम दिया।
- **2002 :** गुजरात की हिंसा पर अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग ने गम्भीर चिंता जताई।

## 7 मई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल ने इंडियन प्रीमियर लीग 2022 के प्लेऑफ के शेड्यूल की घोषणा कर दिया है। इस समय इंडियन प्रीमियर लीग का 15वां सीजन खेल जा रहा है। इसमें इस बार 8 की जगह कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इससे पहले 70 लीग मैचों के शेड्यूल का घोषणा कर दिया था। इसके बाद सभी को प्लेऑफ मैचों के शेड्यूल का इंतजार काफी बेसब्री से था। बीसीसीआई ने अब उसका भी आधिकारिक घोषणा कर दिया है। इसमें 24 से 29 मई तक प्लेऑफ के मुकाबले खेले जायेंगे। इसमें पहला क्वालीफायर और एलिमिनेटर मुकाबला कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स मैदान पर खेला जाएगा। जबकि क्वालीफायर-2 और खिताबी मुकाबले का आयोजन अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में किया जाएगा।
- JioSaavn ने Amazon Music के पूर्व निदेशक और मनोरंजन उद्योग के विशेषज्ञ सहस मल्होत्रा को अपना नया सीईओ नामित किया है। इससे पहले, सहस मल्होत्रा ने सोनी म्यूजिक इंडिया और टिप्स इंडस्ट्रीज के लिए काम किया है। सहस मल्होत्रा टिप्स म्यूजिक में बिजनेस लीडर और टिप्स इंडस्ट्रीज में टिप्स फिल्म प्रोडक्शन के मार्केटिंग डायरेक्टर थे। JioSaavn कंपनी के मुंबई मुख्यालय से सहस मल्होत्रा तेजी से बदलते और आकर्षक भारतीय बाजार में कंपनी के प्रयासों का प्रबंधन करेंगे।
- नरेश कुमार को उत्तराखंड में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के नए निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। वह 1999 बैच के भारतीय वन सेवा के अधिकारी है। अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक गिरिजा शंकर पांडे को CEO प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।
- भारत के दूसरे सबसे बड़े दूरसंचार ऑपरेटर भारती एयरटेल ने घोषणा की कि एयरटेल स्टार्टअप एक्सेलेरेटर प्रोग्राम ने क्लाउड-आधारित नेटवर्किंग समाधान फर्म कनर्जी टेक्नोलॉजीज में 7% का निवेश किया है। नवी मुंबई में स्थित कनर्जी सभी प्रकार के उद्यमों के लिए क्लाउड-आधारित व्यापक नेटवर्किंग समाधानों में माहिर है।
- तरूण कपूर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नए सलाहकार बने है।
- 17 मई से 25 मई, 2022 तक होने वाले कान्स फिल्म मार्केट में भारत ऑफिशियल कंट्री ऑफ ऑनर होगा। सत्यजीत रे की फिल्म प्रतिद्वंद्वी का एक नया रेस्टॉरेशन भी फिल्म समारोह में एक विशेष स्क्रीनिंग में प्रस्तुत किया जायेगा। सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक परियोजना, राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन के तहत इसे रेस्टॉर किया गया है।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बेंगलुरू में नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड कैंपस का उद्घघाटन किया। इससे सुरक्षा एजेंसियों को डेटा का उपयोग करने में मदद मिलेगी। नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड खुफिया विभागों के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा और आतंकी संगठनों के खिलाफ लड़ाई में उन्हें अत्याधुनिक टूल्स उपलब्ध कराएगा। नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड की सेवाएँ 11 केंद्रीय एजेंसियों और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस को उपलब्ध होंगी।
- हर्षदा शरद गरूड़ जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में के इतिहास में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी है। भारतीय भारोत्तोलन खिलाड़ी हर्षदा शरद गरूड़ ने महिलाओं के 45 किलोग्राम भार वर्ग में 153 किलोग्राम वजन उठाकर यह स्वर्ण पदक जीता है।
- भारतीय छात्रों के दो समूहों ने नासा 2022 ह्यूमन एक्सप्लोरेशन रोवर चैलेंज में जीत हासिल की है। ये दो भारतीय छात्र समूह, भारत के पंजाब और तमिलनाडु से हैं। इस चैलेंज में 91 टीमें शामिल थीं, जिनमें 58 कॉलेज और 33 हाई स्कूल थे। इसके तहत पंजाक के डिसेंट चिल्ड्रन मॉडल प्रेसीडेंसी स्कूल के छात्रों ने हाई स्कूल डिवीजन में STEM एंगेजमेंट पुरस्कार जीता। इस चैलेंज के अंतर्गत इस बार अमेरिकी ओर अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के समूह को सौर मंडल संबंधित ट्रैक पर एक मानवचलित रोवर को डिजाइन, विकास और परीक्षण करना था।
- एयर कंसल्टेंसी फर्म ऑफिशियल एयरलाइंस गाइड की रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा सीट क्षमता के साथ दुनिया का दूसरा सबसे व्यस्तम हवाई अड्डा बन गया है, इसने दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी पीछे छोड़ दिया है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व एथलेटिक्स दिवस (World Athletics Day) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 5 मई (B) 7 मई
(C) 9 मई (D) 11 मई

**(B)** विश्व एथलेक्टिस दिवस प्रतिवर्ष 7 मई को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य एथलेटिक्स के बारे में युवाओं को जागरूक करना और इसे स्कूल, कॉलेज, संस्थानों तक पहुँचाना है, ताकि देश का हर युवा शारीरिक रूप से मजबूत हो। पहला विश्व एथलेटिक्स दिवस 1996 में मनाया गया था।




**2. एंडी जेसी अमेजन कंपनी के नए सीईओ कब बनेंगे ?**

(A) 5 मई (B) 5 जून
(C) 5 जुलाई (D) 11 जुलाई

**(C)** अमेजन कंपनी ने एक शेयरधारक बैंक में घोषणा की एंडी जेसी आधिकारिक तौर पर 5 जुलाई 2022 को अमेजन के सीईओ बन जाएंगे। अमेजन ने घोषणा की कि जेसी, जो अमेजन वेब सर्विसेज के वर्तमान सीईओ हैं, फरवरी में पूरी कंपनी के सीईओ के रूप में जेफ बेजोस का स्थान लेंगे।



**3. आरबीआई के अनुसार भारत को वैश्विक महामारी कोविड महामारी से उबरने में कितने साल का समय लगेगा ?**

(A) 7 साल (B) 9 साल
(C) 11 साल (D) 13 साल

**(D)** भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा कि भारत कोविड-19 महामारी के दौरान सबसे ज्यादा प्रभावित देशों में से एक था और भारत को वैश्विक महामारी कोविड-19 के निशान से पूरी तरह से उबरने में 13 साल तक का समय लगेगा। भारत को उत्पादन, जीवन और आजीविका के मामले में दुनिया में सबसे बड़ी महामारी से बहुत नुकसान हुआ, जिसे ठीक होने में कई साल लग सकते हैं।



**4. हाल ही में किस बैंक ने किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान करने वाले बैंकों के लिए नियमों में बदलाव किया है ?**

(A) भारतीय रिजर्व बैंक (B) केनरा बैंक
(C) बैंक ऑफ बड़ौदा (D) ICICI बैंक

**(A)** भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से अल्पकालिक फसल ऋण योजना के तहत किसानों को भुगतान की गई ब्याज सब्सिडी की राशि का दावा करने के लिए बैंकों के लिए नियमों में बदलाव किया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने एक परिपत्र में घोषणा की कि वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए लंबित दावे 30 जून, 2023 तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं, और उन्हें वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा सत्य और सही के रूप में प्रमाणित किया जाना चाहिए।




**5. हाल ही में शिलांग में हुई मेघालय गेम्स-2022 के चौथे संस्करण का समापन कब होगा ?**

(A) 5 मई (B) 6 मई
(C) 7 मई (D) 8 मई

**(C)** मेघालय में मेघालय गेम्स-2022 का चौथा संस्करण 2 मई 2022 शिलांग में विभिन्न खेल सुविधाओं में शुरू हुआ। खेलों का समापन 7 मई 2022 को होगा। 50वें राज्य स्थापना दिवस समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित मेगा स्पोर्ट्स इवेंट में 19 विभिन्न श्रेणियों में कुल 2500 से अधिक एथलीट भाग ले रहे है।



MARVELLOUS (A Result Oriented Institute) An Institute for Civil services Examination

**6. किस वाहन निर्माता कंपनी ने भारत में पहला शुद्ध इलेक्ट्रिक वाहन अविन्या को लॉन्च किया है ?**

(A) टोयोटा (B) टाटा मोटर्स
(C) स्कोडा (D) महिंद्रा

**(B)** टाटा मोटर्स ने अपने जेन-3 आर्किटेक्चर पर आधारित भारत के पहले शुद्ध इलेक्ट्रिक वाहन अविन्या को लॉन्च किया है, अविन्या का अर्थ है नवाचार। टाटा मोटर्स के अनुसार इस वाहन में इस्तेमाल की गई बैटरी कम से कम 500 किलोमीटर की रेंज के साथ 30 मिनट से भी कम समय में फास्ट-चार्जिंग क्षमता का समर्थन करेगी।



**7. 75वीं प्रतिष्ठित संतोष ट्रॉफी 2022 (हीरो सीनियर नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप 2022) का खिताब किसने जीता है ?**

(A) कर्नाटक (B) केरल
(C) पश्चिम बंगाल (D) तमिलनाडु

**(B)** केरल की टीम ने सांतवी बार प्रतिष्ठित संतोष ट्रॉफी (सीनियर नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप 2022) का खिताब जीता है। केरल ने पश्चिम बंगाल को पेनेल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर यह खिताब जीता है। इस टूर्नामेंट की शुरूआत 1941 में इंडियन फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा की गई थी।



**8. हाल ही में सतत् विकास पर अनुसंधान का समर्थन करने के लिए ITC ने किस संस्थान के साथ साझेदारी की ?**

(A) IIT मुंबई (B) IIT कानपुर
(C) IIT दिल्ली (D) IIT मद्रास

**(C)** ITC Ltd. ने IIT दिल्ली के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे भारत को अपने सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। दोनों पहचाने गए विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग ओर गणित क्षेत्रों में अनुसंधान का समर्थन करेंगे। वर्तमान में अनुसंधान के लिए पहचाने जाने वाले क्षेत्र ऊर्जा भंडारण, लो कार्बन कोल्ड ट्रांसपोर्टेशन और प्लास्टिक बायो डिग्रेडेशन है।




**9. हाल ही में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने किस राज्य में पायलट आधार पर M15 पेट्रोल लॉन्च किया है ?**

(A) ओडिशा (B) असम
(C) महाराष्ट्र (D) मेघालय

**(B)** हाल ही में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने असम राज्य में पायलट आधार पर M15 पेट्रोल लॉन्च किया है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने M15 पेट्रोल लॉन्च किया। लॉन्चिंग मेथनॉल की उपलब्धता के कारण तिनसुकिया से की गई है। डिगबोई रिफाइनरी के आसपास असम पेट्रोकेमिकल लिमिटेड द्वारा मेथनॉल का निर्माण किया जा रहा है।



**10. भारतीय इतिहास का सबसे बड़ा प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव किस कंपनी के लिए लॉन्च हुआ है ?**

(A) भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (B) कोल इंडिया लिमिटेड
(C) हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (D) भारतीय जीवन बीमा निगम

**(D)** भारतीय इतिहास का सबसे बड़ा प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव भारतीय जीवन बीमा निगम के लिए लॉन्च हुआ है। केंद्र सरकार ने भारतीय जीवन बीमा निगम का प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव प्राइस बैंड 902-949 रूपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया है, अभी तक लिस्ट हो चुके शेयरों में सबसे बड़ा IPO पेटीएम का रहा है, इसका IPO 2.46 बिलियन डॉलर का था।



# MARVELLOUS

## INSTITUTE FOR CIVIL SERVICES

**(A RESULT ORIENTED INSTITUTE )**

**Since 2011**

MPPSC की तैयारी के लिए VIPIN सर ही क्यों ?





**Director :-**
**MR. VIPIN JAIN SIR**
**(The Symbol of Trust)**

MSC Mathematics
MPA Public Administration , NET
MPH Philosophy (Gold Medalist) , NET
MPS Political Science , NET Qualified
MSO Sociology
MHD Hindi Literature Etc

**Opposite Puma showroom, Tower Square, Indore**
**CONTACT :- 9981983777, 8817983777**